by the State Governments for implementation.

**किराए के भवनों में केन्द्रीय सरकार के कार्यालय**

4596. **श्री अनन्त राम जायसवाल :** क्या निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार के अनेक कार्यालय किराये के भवनों में स्थित हैं और इससे सरकार को करोड़ों रुपया किराये के रूप में खर्च करना पड़ता है ; और

(ख) यदि हां, तो ऐसे कार्यालयों के नाम क्या हैं और उनमें से प्रत्येक पर प्रतिवर्ष किराये के रूप में कितनी धनराशि खर्च की जाती है ?

**निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) :** (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

**कार्बनिक खाद के उगाए गए खाद्यान्नों में रासायनिक तत्व**

4597. **श्री शम्भू नाथ चतुर्वेदी :** क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कार्बनिक खाद के उपयोग से उगाये गये देशी किस्मों के खाद्यान्नों तथा रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशी औषधियों के उपयोग से उगाये गये अधिक उपज देने वाले आयातित किस्मों के खाद्यान्नों के रासायनिक तत्वों का तुलनात्मक अध्ययन और अनुसंधान किया है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले ; और

(ग) क्या कुछ विकसित देशों में यह पता लगा है कि खाद वाली किस्म के खाद्यान्नों में कुछ विषैले तत्व प्रवेश कर जाते हैं जिससे उन्हें खाने वाले लोगों में कैंसर और अन्य ऐसी ही बीमारियां होने की अधिक सम्भावनाएं हो जाती हैं ?

**कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) :** (क) जैविक खाद के उपयोग से उगाये गये देशी किस्म के खाद्यान्नों तथा रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशी औषधियों के उपयोग से उगाये गये अधिक उपज देने वाले आयातित किस्मों के खाद्यान्नों की रासायनिक बनावट का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तावित रूपरेखा के अनुसार नहीं किया गया है।

(ख) कुछ नहीं।

(ग) साहित्य में कीटनाशक अवशिष्टों के हानिकारक प्रभावों का उल्लेख विस्तार से किया गया है। तथापि, सिफारिश किये गये स्तरों पर रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करने पर हानिकारक प्रभावों को मानने की कोई स्पष्ट साक्ष्य नहीं है।

**Area under Cashew cultivation and Central Grants therefor**

4698. SHRI D. B. PATIL: Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state:

(a) whether in view of the fall in imports of cashewnuts, the Central Government have decided to encourage States to bring more land under cashew plantation;

(b) if so, nature of assistance given by the Central Government to State Government (State-wise) by way of loans and grants for the purpose; and

(c) what is the estimated additional area likely to be brought under cashew-plantation in 1977-78?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA): (a) Yes, Sir.